

**श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के साथ हैं चहल**

इस समय चहल श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के साथ हैं। शिखर धवन की कप्तानी वाली भारतीय टीम को श्रीलंका में 3 वनडे और 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। वनडे सीरीज की शुरुआत 13 जुलाई से होगी। इस सीरीज में चहल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी को लंबे समय बाद एक साथ खेलते हुए देखा जा सकता है।

## धनश्री वर्मा का डांस विडियो वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। धनश्री इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगातार अपनी डांस का वीडियो शेयर करती रहती हैं जिसे फैंस भी काफी पसंद करते हैं। धनश्री ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक डांस का वीडियो अपलोड किया जो कुछ ही समय में वायरल हो गया। चहल की पत्नी और कोरियाग्राफर धनश्री इस वीडियो में सिद्धू मूसे वाला के गाने पर जमकर थिरकती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में धनश्री के डांस मूव्स काफी फास्ट हैं। वह हाई लेवल एनर्जी के साथ इस वीडियो में डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं। पत्नी की इस डांस वीडियो को देख पति चहल भी कॉमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाए। चहल ने कॉमेंट बॉक्स में दो रेड हार्ट वाले इमोजी पोस्ट किए। दो घंटे में इस वीडियो को 4 लाख 37 हजार से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। एक यूजर ने कॉमेंट के जरिए धनश्री से पूछा– चहल कहां हैं ?

# गिल चोटिल, पृथ्वी साव को इंग्लैंड में चाहती है टीम इंडिया

**क्रिकेट**

### टीम को चिंता कि अगर मयंक और रोहित में से कोई उपलब्ध न हो तो क्या होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। शुभमन गिल जल्द ही इंग्लैंड से भारत वापस लौटेंगे। उनकी पिंडली में दो जगह चोट है। और इसकी वजह वर्कलोड हो सकता है। पर सवाल अब यह है कि गिल की जगह कौन?

गिल किसी ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल नहीं हुए और यह चोट ऑफ–फील्ड ट्रेनिंग वर्कलोड का नतीजा है। ऐथलीट्स में यह समस्या काफी सामान्य है। गिल की चोट पर नजर रखी जाएगी लेकिन यह बात पूरी तरह साफ हो गई है कि उन्हें छह से आठ हफ्ते तक खेल से दूर रहना होगा।

अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर गिल की जगह टीम में कौन लेगा। मयंक अग्रवाल ने 2018–19 में बहुत रन बनाए। वह 24 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। इसके साथ ही बंगाल के अभिमन्यु ईश्वरन भी स्टैंड बाय के तौर पर टीम के साथ गए हैं।



ईश्वरन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में 64 मैच खेले हैं। हालांकि उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। 25 साल के ईश्वरन ने 2018–19 में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए लेकिन अगले साल वह अपनी फॉर्म को जारी नहीं रख सके। इसके वाबजूद वह हमेशा सिलेक्टर्स की नजर में बने रहे। पर सवाल यह भी है कि क्या टीम इंडिया अगले 70 दिनों के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियों में सिर्फ इस युवा खिलाड़ी पर अतिरिक्त सलामी बल्लेबाज के रूप में भरोसा कर सकती है।

खबर है कि टीम इंडिया इसके स्थान पर पृथ्वी साव को जल्द से जल्द इंग्लैंड बुलाना चाहेगी। और उम्मीद है कि इसके लिए बीसीसीआई के सामने आधिकारिक अनुरोध भी किया जाएगा।

पृथ्वी के लिए न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा अच्छा नहीं रहा था। हालांकि घरेलू सीजन में विजय हजारे ट्रोफी में उन्होंने कमाल की बैटिंग की। वह सीजन में 800 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने लिस्ट ए में रनों का पीछा करते हुए भारतीय रेकॉर्ड को भी तोड़ा। उन्होंने विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अपने प्रदर्शन के आधार पर उन्हें श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए चुना गया है।

मामले को करीब से देख रहे एक सूत्र ने बताया, श्यहां एक बल्लेबाज है जो जबरदस्त फॉर्म में है, जो श्रीलंका में अप्रासंगिक सीरीज खेल रहा है। जबकि उसे इंग्लैंड में होना चाहिए। इससे टीम को एक सहारा मिलेगा। गिल को चोट लगे पांच दिन हो गए हैं और सिलेक्टर्स ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। टीम केएल राहुल को एक संभावित मिडिल–ऑर्डर बल्लेबाज के रूप में देख रही है लेकिन ओपनर के रूप पर तो कतई नहीं।

# केएल राहुल ने कहा कि विराट कोहली 200 पर्सेंट उत्साह से काम करते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल मानते हैं कि टीम के कप्तान विराट कोहली 200 प्रतिशत उत्साह से काम करते हैं और उनमें साथी खिलाड़ियों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की गजब की क्षमता है।



राहुल ने 'फोर्ब्स इंडिया' के लिए एक वीडियो में कहा, 'विराट कोहली के साथ और उनकी अगुआई में खेलकर पता चला कि वह अलग तरह के कप्तान हैं। वह बहुत जुनूनी व्यक्ति हैं। वह 200 प्रतिशत उत्साह से काम करते हैं। आपका सर्वश्रेष्ठ 100 प्रतिशत ही संभव है लेकिन वह 200 प्रतिशत उत्साह से काम करते हैं।'

उन्होंने कहा, 'उनमें अन्य 10 खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उन्हें 100 से 200 प्रतिशत काम कराने की गजब की क्षमता है।' राहुल साउथम्पटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। इसमें न्यूजीलैंड से हारने के बाद कोहली की कप्तानी को लेकर आलोचना हुई थी क्योंकि वह अभी तक एक भी आईसीसी ट्रोफी हासिल नहीं कर पाए हैं।

कोहली की अगुआई में भारत 2017 चैंपियंस ट्रोफी और 2019 विश्व कप जीतने में असफल रहा था। भारतीय टीम अब मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी जो चार अगस्त से शुरू हो रही है।

## टेस्ट शतक का सूखा जारी, वनडे में फिर भी विराट का रेकॉर्ड बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने का सूखा अभी भी जारी है। कोहली पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं, उन्होंने आखिरी बार टेस्ट में शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था, इसके बाद से टेस्ट में उनका औसत 24.64 का रहा है। हालांकि वनडे में उनका प्रदर्शन थोड़ा बेहतर है और उनका औसत 43.26 का है। कोहली जो अपने करियर में सर्वाधिक टेस्ट लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं, वह सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतक से छह कदम दूर हैं। नवंबर 2019 में आखिरी बार टेस्ट शतक लगाने के बाद कोहली ने आठ टेस्ट मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में दो अर्धशतक लगाए थे। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में खेले गए टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाया था। नवंबर 2019 के बाद कोहली ने 15 वनडे मुकाबलों में 649 रन बनाए। टेस्ट की तुलना में कोहली वनडे में थोड़े बेहतर रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### ब्रैड हॉग ने पुजारा की जगह इस खिलाड़ी को उतारने की दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चेतेश्वर पुजारा की जगह युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव तीसरे नंबर पर बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि क्या इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीजमें पुजारा की जगह के एल राहुल को लिया जाना चाहिए, हॉग ने कहा कि पारी की शुरुआत करने वाले साव बेहतर विकल्प होंगे। उन्होंने ट्वीट किया, अगर कोई पुजारा की जगह ले सकता है तो वह पृथ्वी साव हैं। मुझे लगता है कि पारी की शुरुआत करने की बजाय वह तीसरे नंबर पर बेहतर हैं। वह अपार प्रतिभाशाली है और उनका भविष्य लंबा है। वह दौरे पर टीम में नहीं है लेकिन वाइल्डकार्ड के जरिए आ सकते हैं। भारत के लिए पांच टेस्ट और तीन वनडे खेल चुके साव श्रीलंका में सीमित ओवरों के दौरे पर गई भारतीय टीम में हैं।

### एशेज के लिए टी20 विश्व कप से बाहर रह सकते हैं स्टीव स्मिथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। कोहनी की चोट से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता है और वह इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के लिए फिटनेस बनाए रखने की कवायद में टी20 विश्व कप से बाहर रहने को तैयार हैं। बत्तीस वर्ष के स्मिथ ने कोहनी की चोट के कारण वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों से दौरे से नाम वापस ले लिया। स्मिथ ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, 'विश्व कप में अभी समय है और मैं इस समय फिट होने की राह पर हूं। धीरे–धीरे ही सही पर मैं ठीक हो रहा हूं।' कोरोना महामारी के कारण टी20 विश्व कप भारत की बजाय अब यूएई और ओमान में 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होगा। एशेज सीरीज आठ दिसंबर से खेली जाएगी। स्मिथ ने कहा, 'मैं विश्व कप खेलना चाहता हूं लेकिन मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट सर्वोपरि है। मैं एशेज नहीं छोड़ना चाहता और उसमें अपनी सफलता को दोहराना चाहता हूं।'

### क्रिकेट में फिर वापसी करेंगे यूसुफ पठान, इस विदेशी टी20 लीग में करेंगे डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर यूसुफ पठान एक बार फिर मैदान पर चौकों और छक्कों की बरसात करने के लिए तैयार हैं। यूसुफ आगामी लंका प्रीमियर लीग में खेलते हुए दिखाई देंगे। यूसुफ पठान सहित आईपीएल स्टार बांगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन , ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला बेन कटिंग और जेम्स फॉकनर के अलावा साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावूमा ने एलपीएल के दूसरे एडिशन के लिए अपना नाम रजिस्टर्ड कराया है। लंका प्रीमयर लीग के दूसरे एडिशन की शुरुआत 30 जुलाई से होगी। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल 22 अगस्त को खेला जाएगा। इस लीग के पहले एडिशन का आयोजन पिछले साल 26 नवंबर से 16 दिसंबर तक सफलतापूर्वक किया गया था।

### टी20 ब्लास्ट में पेसर लॉकी फर्ग्यूसन ने ली हैटट्रिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फग्यूर्सन ने इंग्लैंड में अपनी गेंदबाजी से कहर बरपाया है। फर्ग्यूसन इस समय टी20 ब्लास्ट में यॉर्कशर काउंटी क्लब की ओर से खेल रहे हैं। 30 वर्षीय इस पेसर ने लंकाशर के खिलाफ मुकाबले में मैच के अंतिम 3 गेंदों पर 3 विकेट झटककर न सिर्फ हैटट्रिक पूरी बल्कि अपनी टीम को 9 रन से जीत भी दिलाई। इस टी20 मैच में कुल 350 रन बने। आखिर ओवर में लंकाशर को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। फर्ग्यूसन की ओर से मैच के 20वें और अंतिम ओवर की शुरुआत बेहद खराब रही। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर 11 रन खर्च कर डाले। इसमें नो बॉल भी शामिल था।